नवभारत

कही आप भी तो नहीं खा रहे फॉर्च्यून का नकली तेल? धड़ल्ले से हो रहा सप्लाई, करीब 2 लाख का माल जब्त

नागपुर. फॉर्च्यून कंपनी के नाम से नकली खाद्य तेल बेचने वाले 3 व्यापारियों पर कार्रवाई की गई। उनसे 1,93,500 रुपए का खाद्य तेल जब्त किया गया। कुल 4 संदिग्धों के खिलाफ यवतमाल शहर थाने में ग्राहक और कंपनी से ठगी करने का मामला दर्ज किया गया है। इसकी आपूर्ति नागपुर के इतवारी स्थित दूकान से की गई थी। छापेमारी नागपुर में भी की गई और माल जब्त किया गया है। जानकारों की माने तो नागपुर इन दिनों नकली खाद्य तेलों की आपूर्ति का प्रमुख केंद्र बन गया है। यहां कई ब्रांड के नकली माल बनाये जा रहे हैं और उसकी आपूर्ति संपूर्ण विदर्भ में की जा रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कंपनी के सीनियर इन्वेस्टिगेटर अनूप कोलप (47, निवासी रूम नं. 5, आरबी मुंशी कम्पाउड राघवेंद्र मंदिर रोड, जोगेश्वरी, पश्चिम मुंबई) ने यवतमाल शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें सूचना मिली है कि यवतमाल शहर में विभिन्न स्थानों पर फॉर्च्यून कंपनी के नाम से नकली खाद्य तेल की बिक्री हो रही है। उन्होंने 27 जुलाई को पुलिस के सहयोग से 3 दूकानों पर छापा मारा जिसमें तहसील चौक पर स्थित किराना दूकान पर छापा मारने पर वहां से फॉर्च्यून कंपनी तेल के जैसे दिखने वाले हरे स्टिकर में 'सोया हेल्थ रिफाइन सोयाबीन तेल' के 15 लीटर के 17 टिन, कीमत 36,650 रुपए।

लाल स्टिकर में 'फॉर्च्यून सन लाइट सनफ्लॉवर तेल' के 15 लीटर के 26 टिन, कीमत 85,500 रुपए बरामद हुए। उसी तरह तांगा चौक में स्थित एक ट्रेडर्स की जांच करने पर फॉर्च्यून कंपनी के जैसे दिखने वाले तेल के 11 टिन, मूल्य 36300 रुपए, लाल स्टिकर वाले 15 लीटर के 10 टिन, मूल्य 26,150 रुपए बरामद किए गए। इसके बाद दल ने आर्णी मार्ग पर स्थित एक सुपर मार्ट की जांच की तो वहां भी फॉर्च्यून कंपनी के बनावटी लेबल लगे सोयाबीन तेल के 15 लीटर के 4 टिन, मूल्य 8, 600 रु. मिले। उक्त 3 दूकानों से 1,93, 500 रुपए का माल जब्त कर परीक्षण के लिए भेजा गया है।

Source: https://navbharatlive.com/maharashtra/nagpur/fake-branded-oil-is-being-supplied-in-nagpur-952641.html